प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 24.07.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कानपुर देहात पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का किया गया सफल अनावरण।**
- **थाना रूरा पुलिस की कार्यवाही से चोरी की घटना कारित करने वाले प्रकाश में आये 02 नफर अभियुक्तगण को मय चोरी की गयी स्कूटी के साथ किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 24.07.2024 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर मु0अ0सं0 268/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये 02 नफर अभियुक्तगण 1. अब्दुल तालिफ पुत्र मो0 हनीफ निवासी तिगाई थाना रूरा जनपद कानुपर देहात 2. अनुज पुत्र विजय बहादुर निवासी वनियनपुरवा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को आज दिनांक 24.07.2024 को समय करीब 02.35 बजे थाना रूरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर शिवली रोड गुटैया तिराहा के पास थाना क्षेत्र रूरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूंछताछ का विवरण – अभियुक्तगण ने पूंछताछ करने पर बताया कि साहब हम दोनों दिनांक 20.07.2024 को समय लगभग रात्रि 09.30 बजे बम्बा पुलिया तिगाई से होकर रोशनमऊ की तरफ जा रहे थे, कि तिगाई बम्बा पुलिया ब्रह्मदेव बाबा मंदिर के पास एक सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी जिसमें चाबी लगी खडी थी, आसपास कोई नही था तो हम लोगो ने लालचवश उस स्कूटी को चोरी कर ले गये थे तथा नम्बर प्लेट रास्ते में कहीं फेंक दी थी तथा तिर्वा में जाकर स्कूटी को छुपा दिया था। तथा आज हम दोनो इस स्कूटी को बिक्री करने की फिराक में जा रहे थे कि आप लोगो ने मय स्कूटी के पकड लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. अब्दुल तालिफ पुत्र मो0 हनीफ निवासी तिगाई थाना रूरा जनपद कानुपर देहात।
2. अनुज पुत्र विजय बहादुर निवासी वनियनपुरवा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 268/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह
2. उ0नि0 श्री राकेश सिंह
3. का0 231 सूबेदार
4. का0 269 सौरभ पटेल
5. का0 519 अशोक कुमार
6. का0 884 सुधीर छौकर